कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

प्रेस- नोट, जनपद फतेहपुर

दिनांक 03.11.2026

थाना खागा पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी का गैस सिलेंडर व ₹2,000/- नगद बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण:- वादी द्वारा थाना खागा पर तहरीरी सूचना दी गई कि पूर्वी बाईपास, राजपूत नगर (आजाद नगर), खागा स्थित उनके मकान के प्रथम तल पर बने दोनों फ्लैटों में अज्ञात चोरों द्वारा ताले तोड़कर एक फ्लैट से दीवार में लगा एसी, गैस सिलेंडर, कीमती बर्तन एवं अन्य घरेलू सामान चोरी कर लिया गया तथा दूसरे फ्लैट में भी चोरी की घटना कारित की गई। प्राप्त तहरीरी सूचना के आधार पर थाना खागा पर मु0अ0सं0 0490/2026 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तारी का विवरण:- श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी खागा के कुशल नेतृत्व में थाना खागा पुलिस द्वारा आज दिनांक 03.11.2026 को उपरोक्त अभियोग की विवेचनामत्क कार्यवाही के दौरान प्रकाश में आये 02 अभियुक्तगण 1.शिवम सिंह पुत्र अशोक सिंह उम्र 18 वर्ष निवासी रैतान मोहल्ला किशनपुर थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर, 2. अजय सिंह पटेल पुत्र सुरेश सिंह पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी नई बाजार थाना खागा जनपद फतेहपुर, 3.विजय कुमार पुत्र शिव प्रसाद उम्र 35 वर्ष निवासी पुरानी जी0टी0 रोड सब्जी मण्डी कस्बा व थाना खागा जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के एक अदद छोटा गैस सिलेण्डर व 2000/- रूपये नगद बरामद किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना खागा पर पंजीकृत मुकदमें में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गई तथा गिरफ्तार अभियुक्तों माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पूछताछ का विवरण:- अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे लोग बन्द पड़े मकानों की रेकी कर मौका पाकर दिन में ही चोरी करते हैं तथा चोरी किए गए सामान को अलग-अलग कबाड़ियों को बेच देते हैं। राजपूत नगर स्थित तीन मंजिला मकान में उनके द्वारा मिलकर चोरी की गई थी तथा मकान से एसी का कम्प्रेसर एवं तांबे के अन्य पार्ट्स खोलकर विजय कबाड़ी को ₹3,500/- में बेचे थे, जिसमें ₹2,000/- प्राप्त हो चुके थे तथा ₹1,500/- शेष थे, जिन्हें लेने आज आए थे। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि नाबालिग लड़को से मकानों की रेकी एवं चोरी के दौरान आसपास निगरानी कराते थे, ताकि किसी व्यक्ति के आने पर वे तत्काल सूचना दे सकें तथा चोरी के बाद उन्हें खाने-पीने की चीजें देकर पार्टी कराते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता:-

1. शिवम सिंह पुत्र अशोक सिंह उम्र 18 वर्ष निवासी रैतान मोहल्ला किशनपुर थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर
2. अजय सिंह पटेल पुत्र सुरेश सिंह पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी नई बाजार थाना खागा जनपद फतेहपुर
3. विजय कुमार पुत्र शिव प्रसाद उम्र 35 वर्ष निवासी पुरानी जी0टी0 रोड सब्जी मण्डी कस्बा व थाना खागा जनपद फतेहपुर

बरामदगी का विवरण:-

1. चोरी के एक अदद छोटा गैस सिलेण्डर
2. 2000/- रूपये नगद

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. उ0नि0 गिरीश धर दुबे चौकी प्रभारी कस्वा थाना खागा फतेहपुर
2. उ0नि0 राजेश सिंह यादव
3. का0 प्रवीण चौधरी
4. हे0का0 अतुल कुमार श्रीवास्तव
5. का0 राहुल यादव
6. का0 चन्द्रभूषण
7. हो0गा0 जयप्रकाश

सोशल मीडिया सेल
जनपद फतेहपुर